# विद्या दर्पण

Azadi Ka Amrit Mahotsav

KV Badopal News

अप्रैल - जून

# केन्द्रीय विद्यालय बड़ोपल फतेहाबाद

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# ई-न्यूजलेटर
# E-Newsletter
## 2022-23

**मुख्य संरक्षक**

श्री एस. एस. चौहान

उपायुक्त , के. वि. स. ,गुरुग्राम संभाग

**संरक्षक**

श्री करमजीत सिंह नैन

प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय बड़ोपल

**संपादक**

श्री सचिन यादव

प्रा. शिक्षक, केन्द्रीय विद्यालय बड़ोपल

# प्राचार्य की कलम से



केन्द्रीय विद्यालय बड़ोपल के प्राथमिक विभाग द्वारा प्रकाशित सत्र 2022-23 के इस समाचार पत्र का प्रथम खंड आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि प्राथमिक वर्षों में बच्चे रचनात्मकता के महान भंडार हैं और अगर उनकी क्षमता का सही तरीके से दोहन किया जाए तो वे बहुत सी चीजें हासिल कर सकते हैं। केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा अपनाई गई 'बैक टू बेसिक्स' नीति एवं 'निपुण भारत मिशन' में आधुनिक के साथ पारंपरिक का बहुत अच्छा मिश्रण है। कौशल विकास पर जोर दिया गया है। यह न्यूज़लेटर उन विविध आउटलेट्स में से एक है जो इन छोटे बच्चों को अपना प्रयास करने की अनुमति देता है।

मुझे उम्मीद है कि समाचार पत्रिका के आगे के संस्करण बच्चों के लिए इन स्वर्णिम अवसरों को अधिकतम करेंगे और वे अपने काम को प्रदर्शित होता देख खुशी महसूस करेंगे। मैं इस कार्य में शामिल सभी स्टाफ सदस्यों को उनके सफल प्रयासों के लिए बधाई एवं धन्यवाद देता हूं।

**करमजीत सिंह नैन**
**प्राचार्य**

# संपादक की कलम से



हमारे विद्यालय में प्रचलित विभिन्न गतिविधियों को प्रदर्शित करते हुए शैक्षणिक वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही का सीएमपी न्यूज़लेटर प्रस्तुत करना मेरे लिए गर्व का क्षण है। नई शिक्षा नीति ने शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए सबसे अधिक **बुनियादी साक्षरता एवम् संख्यात्मकता** पर बल देने की आवश्यकता महसूस की है। निपुण भारत मिशन को पूरा करने के लिए पूरा केन्द्रीय विद्यालय संगठन दृढ़ संकल्प और विश्वास के साथ कार्य कर रहा है। हमने भी बालकों के सीखने की प्रक्रिया को आनन्दमय अधिगम अनुभव बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास किए हैं। गतिविधि आधारित शिक्षण, CAL-TAL का इस्तेमाल, खेल विधि का प्रयोग, डू इट यॉर्सेल्फ़ (DIY) आदि  से शिक्षण-अधिगम ओर अधिक रौचक हो गया है। स्टाफ़ सदस्यों के समर्पित प्रयास हमारे छात्रों के लिए अनुकूल और सुरक्षित वातावरण प्रदान कर रहे हैं एवम् उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

मैं इस अवसर पर प्राचार्य महोदय को भी विशेष धन्यवाद देना चाहता हूँ जिनका सहयोग और प्रेरणादायी स्वभाव हमें निरन्तर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता रहा है।

मैं अपने सभी पाठकों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं और रचनात्मक प्रस्तुतियां साझा करने के लिए प्राथमिक अनुभाग के योगदानकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं।

**सचिन यादव**
**प्राथमिक शिक्षक**

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

Azadi Ka Amrit Mahotsav

# अनुक्रमणिका


01 **विद्या प्रवेश**

पहली कक्षा के बच्चों का भव्य स्वागत एवं
अभिभावकों के लिए अनुस्थापन कार्यक्रम

02 **निपुण भारत मिशन**

विविध गतिविधियों की एक झलक

03 **अलंकरण समारोह**

विद्यार्थी परिषद का गठन

**परीक्षा पे चर्चा** 04

विद्यालय में दिखाया गया ऑनलाइन कार्यक्रम

**माननीय सांसद महोदया का विद्यालय दौरा** 05

माननीय सांसद महोदया का जन्मोत्सव कार्यक्रम

**पाठ्य सहगामी गतिविधियाँ** 06

सी.सी.ए. के अंतर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

Azadi Ka Amrit Mahotsav

# अनुक्रमणिका


07 **पुस्तकोपहार कार्यक्रम**
पर्यावरण सुरक्षा एवं अनावश्यक व्यय से बचाव हेतु एक विशेष कार्यक्रम

08 **अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस**
योग दिवस 2022 का आयोजन

09 **बाल कलाकार**
कागज़ पर उकेरे गए बाल मनोभाव

**हमारी टीम** 10

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# विद्या प्रवेश

Azadi Ka Amrit Mahotsav






दिनांक 20 जून 2022 को पहली कक्षा के के लिए विद्या प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन  किया गया। अभिभावकों के लिए अनुस्थापन कार्यक्रम भी रखा गया जिसमें उन्हें 'निपुण भारत मिशन' से अवगत करवाया गया तथा उन्हें बताया गया कि विद्यालय उनसे क्या अपेक्षाएँ रखता है। इसके बाद बच्चों को विद्यालय भ्रमण करवाते हुए अलग अलग विभागों में अलग अलग गतिविधियाँ कारवाई गई और अंत में गुब्बारे एवं चॉकलेट वितरित कर उन्हें विदा किया गया।



# FOUNDATIONAL LITERACY AND NUMERACY













बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता में बच्चों को निपुण करने के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत केन्द्रीय विद्यालय बड़ोपल, फ़तेहाबाद ।




# अलंकरण समारोह



16 अप्रैल 2022 को विद्यालय में अलंकरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें श्रीमती संगीता बिश्नोई, प्राचार्य, DIET, मताना बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुई।






# परीक्षा पे चर्चा 2022



01 अप्रैल 2022 को केन्द्रीय विद्यालय बड़ोपल में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा 2022 कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। प्रसारण को विद्यार्थियों के साथ साथ अध्यापकों एवं अभिभावकों द्वारा उत्साहपूर्वक देखा गया।



# माननीय सांसद महोदया का विद्यालय दौरा

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन








KV Badopal, Fatehabad





**29 अप्रैल 2022 को माननीय सांसद श्रीमती सुनीता दुग्गल ने विद्यालय परिवार के साथ अपना जन्मदिवस मनाया।**






## ...र आवभगत देख भावुक हुईं सांसद, स्कूल भवन निर्माण के लिए जारी की राशि

जागरण संवाददाता, फतेहाबाद : गांव बड़ोपल में केंद्रीय विद्यालय यानी केवी में आगामी सत्र में विद्यार्थी 11वीं कक्षा में हो जाएंगे। लेकिन इसकी मंजूरी तभी दी जाएगी, जब स्कूल में अतिरिक्त कमरे होंगे। शुक्रवार को सांसद सुनीता दुग्गल विद्यार्थियों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। विद्यार्थी ने भी सांसद सुनीता दुग्गल को शुभकामनाएं देकर स्कूल के लिए चार कमरों की डिमांड कर दी।

सांसद सुनीता दुग्गल ने विद्यार्थियों की आवगभत देखकर भावुक हो गईं। इस दौरान उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही कमरों के लिए बजट भी जारी होगा, वहीं सोलर पैनल भी लगाए जाएंगे।

इस दौरान सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा स्कूल के लिए भवन के निर्माण के लिए मंजूर किए गए 22 करोड़ रुपये भी जल्द जारी होंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए उन्होंने मानव विकास संसाधन मंत्री से मांग की थी। अब क्षेत्रीय अधिकारी फरीदाबाद में बात करते हुए जल्द ही रुपये जारी होंगे। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू हो जाएंगे। विदित रहे कि स्कूल के भवन निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने 22 करोड़ रुपये एक साल से रूके हुए है। मंजूरी मिलने के बाद अधिकारी जारी नहीं कर रहे। जबकि पंचायत ने बहुत पहले की करीब 10 एकड़ जमीन केवी संगठन के नाम कर दी थी।

गांव बड़ोपल के केंद्रीय विद्यालय में सांसद सुनीता दुग्गल को पेंटिंग भेंट करते विद्यार्थी व प्रिंसिपल।

### सांसद कोटे से जारी होगी राशि

सांसद सुनीता दुग्गल ने बताया कि दसवीं कक्षा की इशिता और मुस्कान ने उनके 11 और 12 के लिए आवास उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उन्होंने सांसद ने सांसद कोट से निर्माण करवाने की राशि स्वीकृति दी। इस मौके पर विद्यार्थियों ने सांसद को उनके जन्मदिवस पर बनाया गया चित्र भी भेंट किया।

विद्यालय के प्रिंसिपल करमजीत सिंह नैन ने सांसद सुनीता दुग्गल को विद्यालय में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया और विद्यालय द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों बारे जानकारी दी।



**Learning through play, creativity and co-curricular activities are important to build a strong foundation.**




## ----------पाठ्य सहगामी गतिविधियाँ----------





Azadi Ka Amrit Mahotsav

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन



# पुस्तकोपहार कार्यक्रम

केंद्रीय विद्यालय बड़ोपल में दिनांक 04.04.22 को पुस्तकोपहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र एवं शिक्षकों ने अत्यंत उत्साह पूर्वक भाग लिया। छात्र /छात्राओं ने अपनी पुरानी पाठ्य पुस्तकों को अपने जूनियर छात्रों को भेंट किया। इस अवसर पर बच्चों को इस कार्यक्रम की महत्ता बताते हुए उन्हें पर्यावरण के प्रति अपना योगदान देने हेतु इस कार्यक्रम में अपना अधिकाधिक योगदान देने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन पुस्तकालयाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार ने किया।








Azadi Ka Amrit Mahotsav

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022





विद्यालय में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2022 का 8वां संस्करण मनाया गया।





Azadi Ka Amrit Mahotsav

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन


# बाल कलाकार





















Azadi Ka Amrit Mahotsav

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# हमारी टीम




श्री सचिन यादव
प्राथमिक शिक्षक



श्री विजय कुमार
प्रा. शिक्षक (संगीत)



श्री पवन कुमार
प्राथमिक शिक्षक




श्री अमित कुमार
प्राथमिक शिक्षक




श्रीमती मोहिनी
प्राथमिक शिक्षिका



श्री यशबीर कुमार
प्राथमिक शिक्षक



श्रीमती निशा बतरा
प्राथमिक शिक्षिका

# Thanks!

**Readers can send their comments,suggestions through e-mail at:**

principalkvfatehabad@gmail.com

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन


**KENDRIYA VIDYALAYA BADOPAL, FATEHABAD**
**NEAR CHINDER MOR, FATEHABAD - 125048**
**www.fatehabad.kvs.ac.in**